# ट्रू क्रेडिट्स प्राइवेट लिमिटेड

true credits

# सेल्फी नियम और शर्तें

**दस्तावेज़ संख्या: TC-SLTC**

ऑनबोर्डिंग उपयोगकर्ता के लिए सेल्फी कैद करने की प्रक्रिया के नियम और शर्तें
सेल्फी लेने की प्रक्रिया के लिए सेवा की इन शर्तों (एतद द्वारा इसके बाद इसे "शर्तें" या "ToS" के रूप में संदर्भित किया जाएगा) को आपके यानी उपयोगकर्ता (एतद द्वारा इसके बाद इसे "उपयोगकर्ता" या "आप" के रूप में संदर्भित किया जाएगा और इसमें सर्वनाम रूप जैसे कि "आपका" शामिल होंगे) और बैलेंसहीरो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एतद द्वारा इसके बाद इसे "बैलेंसहीरो" या "कंपनी" या "हम" के रूप में संदर्भित किया जाएगा) के बीच एक कानूनी रूप से बाध्यकारी अनुबंध है। इसके अलावा, इन शर्तों को https://www.truebalance.io/terms-of-service पर जाकार कंपनी के सेवा-नियम और शर्तों के साथ पढ़ा जाना चाहिए।

ये नियम और शर्तें दस्तावेज़ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और इस नियम के अंतर्गत लागू नियमों और समय-समय पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 द्वारा संशोधित किए जाने वाले विभिन्न क़ानूनों में इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड से संबंधित प्रावधानों के अनुसार एक इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड है। इस इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को कंप्यूटर सिस्टम के द्वारा बनाया जाता है और इसके लिए किसी भौतिक या डिजिटल हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं होती है। इस दस्तावेज़ को सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश) नियम, 2011 के नियम 3 (1) के प्रावधानों के अनुसार प्रकाशित किया गया है, जिसे एक्सेस या उपयोग के लिए इंटरनेट साधन यानी वेबसाइट के साथ-साथ True Balance मोबाइल एप्लिकेशन प्लेटफ़ॉर्म और कोई अन्य एप्लिकेशन या सॉफ्टवेयर जो True Balance (एतद द्वारा इसके बाद "True Balance" के रूप में संदर्भित) की आवश्यकता नियम और विनियमों के प्रकाशन की आवश्यकता होती है।
ये नियम एवं शर्तें कंपनी की आंतरिक नीतियों और ऐसे अन्य लागू कानूनों और विनियमों और दिशा-निर्देशों *(*समय-समय पर संशोधित*)* के अनुपालन में तैयार की जाती हैं। क्लिक करके, आप इस बात को स्वीकार करते हैं कि आपने इन नियमों और लागू अन्य नियमों और शर्तों को पढ़कर, समझ लिया है और यह आपको स्वीकार है।
इन ToS के उद्देश्य के लिए:
"सेल्फी" का मतलब है उपयोगकर्ता के चेहरे की एक सेल्फ-पोर्ट्रेट तस्वीर जो उपयोगकर्ता द्वारा True Balance एप्लिकेशन का उपयोग करने के समय उपयोगकर्ता के डिवाइस के कैमरे द्वारा ली गई हो जिसमें True Balance एप्लिकेशन इंस्टॉल है।
"सेल्फी प्रक्रिया" का मतलब है True Balance एप्लिकेशन के जरिए सेल्फी और अन्य दस्तावेजों को कैद करने की प्रक्रिया और आगे इस ToS में निर्धारित ऑनबोर्डिंग उद्देश्यों के लिए इसका उपयोग करना।

1. एक्सेस और उपयोगकर्ता की सहमति
ग्राहक के पहचान के दस्तावेज/KYC दस्तावेज में उपलब्ध कराई गई ग्राहक की तस्वीर के साथ ऐसी तस्वीर के मिलान के लिए सिंगल पिक्चर क्लिक के साथ सेल्फी में ग्राहक के चेहरे की जीवंतता को कैद करने के लिए कैमरा एक्सेस का अनुरोध किया जाता है। इनक्रेड फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ("ऋणदाता") द्वारा ग्राहक ऋण आवेदन को प्रोसेस करने के लिए उक्त एक्सेस का अनुरोध किया जाता है, जोकि ट्रू क्रेडिट्स प्राइवेट लिमिटेड ("ट्रू क्रेडिट्स") का ऋण पार्टनर है। एक्सेस प्रदान कर आप यह दर्शाते हैं कि आप कैमरे से संबंधित अपने डिवाइस की विशेषताओं को समझते हैं और ऋणदाता से ऋण के लिए ऑन-बोर्डिंग प्रक्रिया के प्रयोजन हेतु आवश्यकतानुसार इसका उपयोग करना स्वीकार करेंगे।
कंपनी हाइपरवर्ज टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड **(**"हाइपरवर्ज" या "सेवा प्रदाता"**)** की सेवाएं प्राप्त करेगी जिसमें चेहरे का मिलान करना, जीवंतता की जांच, चेहरे को लेकर गुणवत्ता/धोखाधड़ी की जांच शामिल रहेगी।
आप एतद द्वारा लागू कानून के अनुसार सेवा प्रदाता या कंपनी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग, साझाकरण, भंडारण और प्रोसेस के लिए उसे सक्षम बनाने हेतु अपनी सहमति देते हैं। यहां "व्यक्तिगत जानकारी" का अर्थ ऐसी कोई भी जानकारी है जो किसी स्वभाविक व्यक्ति से संबंधित हो, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी कॉर्पोरेट निकाय के पास उपलब्ध या उपलब्ध होने की संभावना वाली अन्य जानकारी के साथ ऐसे व्यक्ति की पहचान करने में सक्षम हो, जैसा कि नियमों के द्वारा परिभाषित किया गया है, जिसका गठन भारत का सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत किया गया है और जिसे समय-समय पर संशोधित किया जा सकता है।

इसके अलावा, आप कंपनी या सेवा प्रदाता को सेल्फी प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त किसी भी और सभी जानकारी/विवरण को संग्रहण/भंडारण/सत्यापित करने के लिए अधिकृत करते हैं, जिसमें सेल्फी प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त/साझा किए गए दस्तावेजों/सूचनाओं से प्राप्त जानकारी शामिल है, लेकिन यह सेल्फी प्रक्रिया तक ही सीमित नहीं है।

2. सामान्य शर्तें:

उपयोगकर्ता सेल्फी प्रक्रिया के निम्न आवश्यकताओं से सहमत हैं और इन्हें समझते हैं:

i. सेल्फी प्रक्रिया सिर्फ अच्छे नेटवर्क/इंटरनेट स्थितियों में कार्य करती है।
ii. सेल्फी प्रक्रिया तभी कार्य करेगी जब सेल्फी अच्छी कैमरा गुणवत्ता वाली डिवाइस से ली गई हो।
iii. फोटो की हार्ड कॉपी से किसी तस्वीर को लेने या फोन/लैपटॉप से तस्वीर/चेहरा दिखाने के किसी प्रयास को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
iv. उपयोगकर्ता को कम रोशनी में रहने, मास्क, चश्मा या किसी अन्य फैक्टर का उपयोग करने से बचना चाहिए जिसके द्वारा उपयोगकर्ता अपनी पहचान को छिपाने का प्रयास कर सकते हों। ऐसे मामलों में उपयोगकर्ता को ब्लॉक कर दिया जाएगा और आगे की प्रक्रिया के लिए उन्हें सही सेल्फी लेनी होगी।
v. यदि सेल्फी प्रक्रिया के तहत ली गई सेल्फी या अन्य दस्तावेज किसी भी कारण कंपनी या ऋणदाता की नीति और/या प्रासंगिक दिशा-निर्देशों का अनुपालन नहीं करती हो, तो ऋण आवेदन को ऋणदाता के विवेकानुसार अस्वीकार किया जा सकता है। इस ToS में निहित किसी भी बात के साथ, आवेदन ऋण प्रक्रिया, सेल्फी प्रक्रिया के अलावा कई अन्य फैक्टर पर निर्भर करेगी, इसलिए कंपनी या ऋणदाता यह आश्वासन नहीं देते हैं कि सफल सेल्फी प्रक्रिया पर उपयोगकर्ता को ऋण की मंजूरी मिल जाएगी या ऋण आवंटित किया जाएगा।
vi. कैद की गई सेल्फी को प्रयोज्य कानून, नियम और दिशा-निर्देशों के अनुसार भविष्य के संदर्भ हेतु कंपनी/ड्रू क्रेडिट/ऋणदाताओं के डेटाबेस में संग्रहीत किया जा सकता है। इसके अलावा कंपनी यह वचन देती है कि इस चरण में एकत्र किया गया डेटा कंपनी/ड्रू क्रेडिट/ऋणदाता की गोपनीयता नीति के अनुसार ऋणदाता और तीसरे पक्ष के साथ साझा और संग्रहीत किया जाएगा।
vii. निम्न परिस्थितियों में उपयोगकर्ता को अस्वीकार किया जा सकता है;

    यदि उपयोगकर्ता सेल्फी प्रक्रिया के तहत किसी भी सत्यापन से इनकार करते हैं/या इसे स्किप करने का विकल्प चुनते हैं।
    यदि सेल्फी लागू मानकों के अनुसार मान्य नहीं है।
    अगर सत्यापन विफल रहता है (यह कि सेल्फी उपयोगकर्ता के UIDAI/CKYC/ या अन्य KYC दस्तावेज के चेहरा से सेल्फी मिलान नहीं खाता है)।

**3. ToS** की स्वीकार्यता:

सेल्फी प्रक्रिया की डिजिटल यात्रा में इन नियमों और शर्तों को स्वीकार करते हुए यह माना जाएगा कि निम्न विषयों पर उपयोगकर्ता की स्पष्ट स्वीकृति/सहमति प्रदान की गई है (i) ऋण आवेदन के लिए ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया का पूर्ण करना; और (ii) लागू कानूनों और विनियमों और कंपनी/ड्रू क्रेडिट/ऋणदाता की नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार किसी तीसरे पक्ष के साथ जानकारी साझा करने के लिए।

**4.** विविध:

i. उपयोगकर्ता इस बात से सहमत है कि सेल्फी प्रक्रिया पूरी करने के लिए उपयोगकर्ता की ओर से होने वाले सभी खर्च (तकनीक/डेटा प्लान से संबंधित या अन्यथा खर्च) पूरी तरह से उपयोगकर्ता द्वारा वहन किए जाएंगे।
ii. उपयोगकर्ता इस बात से सहमत है कि कंपनी, ड्रू क्रेडिट्स या ऋणदाता किसी भी कनेक्टिविटी/सिग्नल/डेटा संबंधी मसलों के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे, जिसके कारण उपयोगकर्ता द्वारा अधूरी जानकारी/एप्लिकेशन प्रदान किए गए हो।
iii. उपयोगकर्ता एतद द्वारा कंपनी, ड्रू क्रेडिट या ऋणदाता की निर्भरता के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी और सभी देयता, हानि से क्षतिपूर्ति करने, बचाव करने और कंपनी, ड्रू क्रेडिट या ऋणदाता को हानि मुक्त बनाए रखने के लिए सहमत है:
    a. उपयोगकर्ता द्वारा प्रदान की गई जानकारी, घोषणा, दस्तावेज, इमेज और अंडरटेकिंग आदि पर (उनके नकली/गलत/त्रुटिपूर्ण होने के कारण उत्पन्न);
    b. सेल्फी प्रक्रिया के आधार पर प्रदान किए गए विवरण सहित उत्पाद/सुविधा एप्लिकेशन के लिए ऑनलाइन/ऑफलाइन मोड का उपयोग; या
    c. इनमें से किसी भी ToS का उपयोगकर्ता द्वारा उल्लंघन, गैर-प्रदर्शन या अपर्याप्त प्रदर्शन; या
    d. अपने दायित्वों को कार्य रूप देने में उपयोगकर्ता के कार्य, त्रुटियां, अभ्यावेदन, गलत बयानी, कदाचार या लापरवाही; या

e. उपयोगकर्ता की गतिविधि/चूक के कारण कोई वायरस, हानिकारक कोड या दुर्भावनापूर्ण सॉफ्टवेयर True Balance एप, या कंपनी या सेवा प्रदाता के सिस्टम में स्थानांतरित हो जाता है

**5.** दायित्व की सीमा:

न तो कंपनी, न ही ट्रू क्रेडिट्स और न ही उसके कर्मचारी उपयोगकर्ता या किसी तीसरे पक्ष को होने वाले किसी भी प्रत्यक्ष या परिणामी हानि के लिए या उपयोगकर्ता द्वारा सेल्फी के उपयोग कारण ऋण आवेदन की अस्वीकृति के कारण उत्पन्न होने वाले किसी भी दावे के लिए किसी तरह जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होंगे।

कंपनी इन ToS में निहित किसी भी दायित्व की विफलता के लिए या उपयोगकर्ता या किसी तीसरे पक्ष को हुई किसी भी हानि या क्षति जो भी भी हो और चाहे ऐसी हानि या क्षति (प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से) किसी विवाद और कोई अन्य मुद्दे या परिस्थितियों के लिए जिममेदार हो, इन सब के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।

किसी भी परिस्थिति में कंपनी सेल्फी प्रक्रिया के संबंध में किसी भी अप्रत्यक्ष, आकस्मिक, परिणामी, विशेष या अनुकरणीय हानि या क्षति के लिए उपयोगकर्ता या तीसरे पक्ष के प्रति उत्तरदायी नहीं होगी।

6. अधिशासी कानून:

भारत के कानून इन ToS को अधिशासित करेंगे। उपयोगकर्ता एतद द्वारा इस बात से सहमत हैं कि ToS से उत्पन्न होने वाली कोई भी कानूनी कार्रवाई या कार्यवाही भारत के गुरुग्राम, हरियाणा की अदालतों या न्यायाधिकरणों में लाई जाएगी और अपरिवर्तनीय रूप से खुद को ऐसी अदालतों और न्यायाधिकरणों के अधिकार क्षेत्र में प्रस्तुत करेगी। वैसे कंपनी पूरी तरह अपने विवेकाधिकार से, किसी अन्य अदालत, न्यायाधिकरण या अन्य उपयुक्त फोरम में ToS से उत्पन्न होने वाली कोई भी कानूनी कार्रवाई या कार्यवाही शुरू कर सकती है, और उपयोगकर्ता उस क्षेत्राधिकार के लिए सहमति प्रदान करते हैं।

7. शिकायत निवारण:

इसके अतिरिक्त चिंता/शिकायत/फरियाद के मामले में ग्राहक कंपनी/ऋणदाता की वेबसाइट पर दिए गए विवरण पर संपर्क कर सकते हैं।